मुख्यमंत्री ने भोपाल में राज्यस्तरीय एमएसएमई समिट का शुभारंभ किया

चर्चा में क्यों?

19 जून, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने होटल आमेर ग्रीन भोपाल में एकदिवसीय राज्यस्तरीय एमएसएमई समिट का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- राज्यस्तरीय एमएसएमई समिट का ध्येय वाक्य 'आर्थिक विकास के शुभ संयोग-मध्य प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग'रखा गया था।
- समिट का आयोजन प्रदेश में एमएसएमई इकाइयों और उनसे सृजित रोज़गार के प्रोत्साहन के लिये सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा किया गया।
- कार्यक्रम में प्रदेश के 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें उद्यमी एवं उद्योगपति, उद्योग संघ पदाधिकारी, स्टार्टअप से जुड़े व्यक्ति और विद्यार्थी शामिल थे। प्रदेश के सभी ज़िले कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े।
- समिट का उद्देश्य प्रदेश में उद्यमशील संस्कृति को बढ़ावा देना, नवाचार की भावना को विकसित करना तथा राज्य के विकास में एमएसएमई के योगदान को उजागर करने के साथ ही एक समग्र एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना और आत्म-निर्भर मध्य प्रदेश का निर्माण करना है।
- समिट में मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के लिये राज्यस्तरीय एमएसएमई पुरस्कार प्रदान किये।
- प्रभावी कार्य संस्कृति और बेस्ट प्रेक्टिसिस अपनाने के लिये वर्ष 2018-19 का प्रथम पुरस्कार आईटीएल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड इंदौर को, द्वितीय पुरस्कार शास्त्री सर्जिकल इंडस्ट्रीज रायसेन और तृतीय पुरस्कार शक्ति एम्पोरियम झाबुआ को प्रदान किया गया। महिला उद्यमियों में मंत्रा कम्पोजिट इंदौर की ममता महाजन को पुरस्कृत किया गया।
- वर्ष 2019-20 के लिये नंदिनी मेडिकल लेबोरेट्रीज इंदौर को प्रथम, न्यू लाईफ लेबोरेट्रीज मंडीदीप रायसेन को द्वितीय और सेफफ्लेक्स इंटरनेशनल धार को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।
- वर्ष 2020-21 के लिये मॉर्डन लेबोरेट्रीज इंदौर को प्रथम, डीइसीजी इंटरनेशनल मंडीदीप रायसेन को द्वितीय और हेल्थीको क्वालिटी प्रोडक्ट्स धार को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- वर्ष 2020-21 में महिला उद्यमियों की श्रेणी में सांई मशीन टूल्स इंदौर की शिखा विशाल जायसवाल और निहारिका अजय जायसवाल तथा अर्थव पैकेजिंग इंदौर की ममता शर्मा को पुरस्कृत किया गया।
- इस समिट में राज्य सरकार एवं देश की प्रतिष्ठित कंपनी और संस्थानों के बीच एम.ओ.यू का आदान-प्रदान भी हुआ।
- एनएसई इंडिया, वॉलमार्ट, आरएक्सआईएल, इनवॉइस मार्ट तथा आइसेक्ट के साथ एम.ओ.यू. हुए।
- इन एमओयू के निष्पादन से प्रदेश की एमएसएमई को पूंजी जुटाने के अवसर प्राप्त होंगे, ट्रेड प्लेटफॉर्म पर एमएसएमई को ऑनबोर्ड करने में सुविधा होगी और एमएसएमई के समग्र विकास में ये सभी संस्थाएँ राज्य शासन के साथ मिल कर कार्य करेंगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-inaugurated-the-state-level-msme-summit-in-bhopal